http://www.howtoexam.com

[This question paper contains 8 printed pages.]

**1241**

*Your Roll No.* .............

*आपका अनुक्रमांक* ________

**JS**

**LL.B.**

**I Term**

Paper LB-105 – FAMILY LAW – I

*Time : 3 Hours* | *Maximum Marks : 100*

*समय : 3 घण्टे* | *पूर्णांक : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :- इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt* **Five** *questions including Question No.* **1** *which is compulsory.*
**All** *questions carry equal marks.*

*अनिवार्य प्रश्न क्रमांक* **1** *सहित कुल पाँच प्रश्न कीजिये।*
**सभी** *प्रश्नों के अंक समान हैं।*

P.T.O.

Solved question paper, guess paper, 10 year, 5 year question bank, paper patterns

http://www.howtoexam.com



1. Attempt briefly any **four** of the following :

(a) Concept of 'Sapinda relationship' under Hindu law.

(b) Status of Child Marriage under the Prohibition of Child Marriage Act, 2006.

(c) State the grounds of 'Voidable' marriage under the Hindu Marriage Act, 1955.

(d) Divorce by mutual consent under Muslim Law.

(e) Maintenance under Hindu Marriage Act, 1955.

निम्नलिखित में से किन्हीं चार के उत्तर संक्षेप में लिखिए :

(क) हिन्दू विधि के अधीन "सपिन्ड सम्बन्ध" की संकल्पना

(ख) बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अधीन बाल विवाह की प्रास्थिति

(ग) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अधीन 'शून्यकरणीय' विवाह के आधारों का उल्लेख कीजिए।

(घ) मुस्लिम विधि के अधीन पारस्परिक सम्मति से तलाक़

(ङ) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अधीन भरण-पोषण

2. Examine the validity of the following marriages under Hindu Law and Muslim Law :

(a) Marriage between son and daughter of two brothers.

(b) A, a widower marries his deceased wife's unmarried sister.

(c) Marriage of maternal uncle and niece.

Solved question paper, guess paper, 10 year, 5 year question bank, paper patterns

http://www.howtoexam.com



(d) A, marries a widow, aged 16 years while she is pregnant.

हिन्दू विधि तथा मुस्लिम विधि के अधीन निम्नलिखित विवाहों की विधिमान्यता की जांच कीजिए :

(क) दो भाइयों के पुत्र तथा पुत्री के बीच विवाह

(ख) एक विधुर A का अपनी मृतक पत्नी की अविवाहित बहन के साथ विवाह

(ग) मामा तथा भांजी के बीच विवाह

(घ) A का 16 वर्षीय विधवा के साथ उसके सगर्भा होने के समय विवाह

3. Ravi and Madhu were married in 1988, when the latter was 14 years old. In 1996, Ravi converted to Islam and became Rahim and married his old school mate Soha and lived happily with her. Madhu prosecuted him for bigamy and Ravi took the defence that his second marriage under Muslim Law is not bigamous, he had committed no offence. Decide.

रवि और मधु का 1988 में तब विवाह हुआ था जब मधु की आयु 14 वर्ष की थी। 1996 में रवि ने इस्लाम धर्म अंगीकार कर लिया तथा वह रहीम बन गया। उसने अपनी पुरानी स्कूल सहपाठी सोहा के साथ निकाह कर लिया और उसके साथ खुशी-खुशी रहने लगा। मधु ने उस पर द्विविवाह के लिए अभियोग चलाया। रवि ने प्रतिवाद किया कि मुस्लिम विधि के तहत उसका दूसरा विवाह द्विविवाही नहीं है, न ही उसने कोई अपराध ही किया है। विनिश्चय कीजिए।

P.T.O.

Solved question paper, guess paper, 10 year, 5 year question bank, paper patterns

http://www.howtoexam.com



4. Mohan, a Hindu, working as an officer in a company in Delhi marries Deepa, a college lecturer in Sonipat. After their marriage, Mohan wants Deepa to leave her job and join him at Delhi but she declines to leave her job stating that she has no objection to join him at Delhi, during her holidays and he is also welcome to come over to her at Sonipat at any time. Mohan does not agree to this and insists that after marriage Deepa, being his wife, has to obey his order. Mohan files a petition for restitution of conjugal rights against Deepa. Would Mohan succeed? Decide with reference to Case law.

State briefly that how decree of restitution of conjugal rights can lead to decree of divorce.

दिल्ली स्थित किसी कम्पनी में अधिकारी के रूप में कार्यरत मोहन ने सोनीपत स्थित कालिज की लेक्चरर दीपा से विवाह कर लिया। विवाह के पश्चात् मोहन दीपा से चाहता है कि वह अपना जॉब छोड़ दे तथा उसके पास दिल्ली आकर रहे। किन्तु दीपा ने यह कहते हुए अपना जॉब छोड़ने से मना कर दिया कि उसको छुट्टियों के दौरान उसके पास दिल्ली आकर रहने में कोई आपत्ति नहीं है और मोहन का किसी भी समय उसके पास सोनीपत आकर रहने का भी सवागत है। मोहन इस बात पर राजी नहीं हुआ तथा उसने जिद की कि विवाह के बाद दीपा को उसकी पत्नी होने के नाते उसकी आज्ञा का पालन करना होगा। मोहन ने दीपा के विरूद्ध दाम्पत्याधि कारों के प्रत्यास्थापन के लिए याचिका फाइल कर दी। क्या मोहन सफल हो जाएगा ? निर्णय विधि को निर्दिष्ट करते हुएं विनिश्चय कीजिए।

संक्षेप में लिखिए कि दाम्पत्याधिकारों के प्रत्यास्थापन की डिक्री किस प्रकार विवाह विच्छेद की डिक्र का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

Solved question paper, guess paper, 10 year, 5 year question bank, paper patterns

http://www.howtoexam.com



5. Explain who are the natural Guardians of a minor child under Hindu Law. Can the mother of the child act as its guardian in presence of its father.

स्पष्ट कीजिए कि हिन्दू विधि के अधीन अवयस्क शिशु के नैसर्गिक संरक्षक कौन होते हैं। क्या शिशु के पिता की उपस्थिति में उसकी मांता संरक्षक के रूप में कार्य कर सकती है ?

6. Yusuf, a Muslim, goes to see Rehana, his wife, when she was living with her parents without her consent. A heated argument ensues between them and she refused to return to her matrimonial home. Yusuf came back and in fit of anger, in the presence of his mother and father, he uttered the words giving talaq to his wife three times. After few months Rehana was brought to Yusuf's house by her parents and Yusuf accepted her back and later two children born to them. Discuss.

(a) Whether the pronouncement made by Yusuf can operate as a valid Talaq ?

(b) Whether the children are legitimate ? Will it make any difference in your answer

(i) If Yusuf and Rehana has remarried immediately after the said pronouncement of Talaq.

(ii) If Yusuf had made a single pronouncement.

एक मुस्लिम-युसुफ़ अपनी पत्नी रेहाना से उसकी सम्मति के बिना उस समय मिलने जाता है जब वह अपने माता-पिता के पास रह रही थी।



Solved question paper, guess paper, 10 year, 5 year question bank, paper patterns

http://www.howtoexam.com



उन दोनों के बीच गरमागरम बहस हो गई और रेहाना ने अपने वैवाहिक गृह को लौटने से इनकार कर दिया। युसुफ़ वापस लौट आया तथा क्रोध के आवेश में उसने अपने माता-पिता की उपस्थिति में उसने अपनी पत्नी के लिए तलाक शब्द का तीन बार उच्चारण कर दिया। कुछ मास बाद रेहाना के माता-पिता उसे युसुफ़ के घर ले आए तथा युसुफ़ ने भी उसे वापस स्वीकार कर लिया तथा बाद में उनके दो बच्चे पैदा हो गए।

विवेचन कीजिए कि

(क) क्या युसुफ़ द्वारा की गई उद्घोषणा विधिमान्य तलाक हो सकती है।

(ख) क्या बच्चे धर्मज हैं ? क्या इससे आपके उत्तर में अन्तर हो जाएगा -

(i) यदि युसुफ़ तथा रेहाना तलाक की उक्त उद्घोषणा के तुरन्त बाद पुनर्विवाह कर लेते,

(ii) यदि युसुफ़ एक ही बार उद्घोषणा करता।

7. Sohail married Gazala in 1995, when she was 12 years old. Two years later owing to some misunderstanding Gazala left matrimonial home. Thereafter Sohail married Razia in 1998. Subsequently in 1999 Gazala filed a petition for divorce on the following grounds :

(a) Failure to maintain her by husband for a period of two years.

(b) Option of puberty

(c) Cruelty

How will you decide ?

Solved question paper, guess paper, 10 year, 5 year question bank, paper patterns

http://www.howtoexam.com



जब ग़ज़ाला 1995 में 12 वर्ष की थी तब सोहेल ने उससे विवाह किया था। दो वर्ष बाद किसी गलतफहमी के कारण ग़ज़ाला ने वैवाहिक गृह छोड़ दिया। इसके बाद सोहेल ने 1998 में रज़िया के साथ विवाह कर लिया। बाद में ग़ज़ाला ने 1999 में निम्नलिखित आधारों पर तलाक़ के लिए याचिका फाइल कर दी –

(क) उसके पति की दो वर्ष की अवधि के वास्ते उसका भरण–पोषण करने में हुई विफलता।

(ख) यौवनागम का विकल्प

(ग) क्रूरता

आप किस प्रकार विनिश्चय करेंगे ?

8. Examine the validity of following adoptions under the Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956.

(a) Sonia, a girl aged 12 years is a child widow. Sohan aged 40 years wants to adopt her.

(b) Sumitra, a Hindu female, aged 25 years, divorced by her husband adopts an orphan boy aged 4 years whose religion can not be ascertained.

(c) Arjun, a bachelor Hindu, 30 years old, adopted a 8 years old girl, named Sonam. Subsequently he married Kamini. Point out the relationship of Sonam and Kamini.

(d) Devdutt, a Hindu male, who has divorced his wife gives his only son in adoption without the consent of his wife.

P.T.O.

Solved question paper, guess paper, 10 year, 5 year question bank, paper patterns

http://www.howtoexam.com



हिन्दू दत्तक ग्रहण और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 के अधीन निम्नलिखित दत्तक ग्रहणों की विधिमान्यता की जांच कीजिए :

(क) 12 वर्षीय लड़की सोनिया बाल विधवा है। 40 वर्षीय सोहन उसका दत्तक ग्रहण करना चाहता है।

(ख) 25 वर्षीय हिन्दू स्त्री सुमित्रा ने, जिसको उसके पति ने तलाक दे दिया है, चार वर्षीय अनाथ लड़के का दत्तक ग्रहण किया। लड़के के धर्म का अभिनिश्चय नहीं किया जा सकता है।

(ग) 30 वर्षीय कुंआरा हिन्दू अर्जुन सोनम नाम की 8 वर्षीय लड़की का दत्तक ग्रहण करता है। बाद में उसने कामिनी के साथ विवाह कर लिया। सोनम और कामिनी के सम्बन्ध पर प्रकाश डालिए।

(घ) एक हिन्दू पुरुष देवदत्त ने, जिसने अपनी पत्नी को तलाक दे दिया है, अपनी पत्नी की सम्मति के बिना अपने एकमात्र पुत्र का दत्तक ग्रहण करवा दिया।



Solved question paper, guess paper, 10 year, 5 year question bank, paper patterns